Title: Need to re-route Hate-Bajare Express via Barauni in Bihar.

श्रीमती रेनु कुमारी (खगड़िया) : सभापति महोदय, बिहार के अत्यन्त पिछड़ा खगड़िया, बेगुसराय, नवगछिया आदि क्षेत्रों के यात्रियों, व्यावसायियों की चिरलंबित मांग को पूरा करते हुए पूर्वोत्तर रेलवे ने सियालदह से कटिहार तक चलने वाली हाटे-बजारे ट्रेन का परिचालन वढ़ाकर एक र्वा पूर्व बरौनी से कर दिया था, लेकिन हजारों यात्रियों की मांग एवं सुविधायों को नजरअंदाज करते हुए इस ट्रेप का परिचालन पुनः 1 जुलाई से कटिहार से कर दिया है। इससे इस क्षेत्र की जनता में काफी आक्रोश है एवं ये आन्दोलन पर उतारु हैं।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्रीजी से अनुरोध है कि अपार जनहित को देखते हुए हाटे-बजारे एक्सप्रैस ट्रेन का परिचालन पुनः बरौनी से किया जाए।